# गरीबों और वंचितों की सहायता के लिए सरकार प्रतिबद्ध : डॉ. यादव

## विकसित भारत संकल्प यात्रा से अब तक 41 लाख 35 हजार 788 हितग्राही लाभान्वित, मुख्यमंत्री ने ली समत्व भवन में पहली बैठक

भोपाल (काप्र)।

**मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गरीब, युवा, किसान और महिलाओं के जीवन में प्रगति और उन्नति लाने के लिए इन्हें सभी जरूरी सहायता और सहयोग दिलाने की बात कही है। महिलाओं को सहयोग की सर्वाधिक आवश्यकता है। हमारी सरकार का प्रयास है कि श्री मोदी द्वारा लागू जनकल्याण और विकास कार्यों का हर जरूरतमंद व्यक्ति लाभ लें।**

गरीबों और वंचितों को सहायता व सम्बल दिलाने के लिए हमारी सरकार प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री आज समत्व भवन में पहली बैठक लेकर विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत बड़वानी जिले के सेंधवा और सिंगरौली जिले की ग्राम पंचायत ओड़गड़ी के हितग्राहियों से वर्चुअली चर्चा कर रहे थे। डॉ. यादव ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत प्रदेश में अब तक 19 हजार 500 से अधिक ग्राम पंचायतों में शिविरों का आयोजन हुआ है। इस यात्रा में एक करोड़ 69 लाख 22 हजार से अधिक लोग शामिल हुए हैं तथा एक करोड़ 24 लाख 23 हजार से अधिक लोगों ने विकसित भारत बनाने का संकल्प लिया है। यात्रा के अंतर्गत 6 लाख 99 हजार 672 लोगों को आयुष्मान योजना तथा एक लाख 81 हजार 762 लोगों को उज्जवला योजना का लाभ दिलाया गया है। इसी प्रकार किसान क्रेडिट कार्ड एक लाख 11 हजार से अधिक लोगों को उपलब्ध कराए गए हैं। किसान क्रेडिट कार्ड के अंतर्गत प्रत्येक किसान को केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा हर साल 12 हजार रूपए दिये जा रहे हैं। इस यात्रा के दौरान जीवन ज्योति कैम्प के अंतर्गत एक लाख 37 हजार लोग, हेल्थ कैम्प के अंतर्गत 27 लाख 68 हजार लोग लाभान्वित हुए हैं तथा 2 लाख 37 हजार व्यक्तियों का सुरक्षा बीमा कराया गया है। विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान अब तक 41 लाख 35 हजार 788 हितग्राहियों को लाभान्वित किया जा चुका है।

### योजनाओं के लाभ से जीवन में आया सकारात्मक बदलाव

डॉ. यादव ने सेंधवा के भालेराव तथा राहुल वाडिले से आत्मीय चर्चा की। भालेराव की चाय की दुकान है, जो उन्होंने मुद्रा लोन से मिली राशि से आरंभ की है। राहुल वाडिले ने बताया कि वे मोबाइल रिपेयरिंग करते हैं और प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वनिधि योजना, आयुष्मान कार्ड सहित उज्जवला योजना का लाभ प्राप्त कर रहे हैं। उनके परिवार की महिलाओं को लाड़ली बहना योजना का भी लाभ मिला है। राहुल ने बताया कि सरकार की योजनाओं से ही पक्के मकान में रहना, घरेलू गैस से खाना बनाना और आयुष्मान कार्ड की सहायता से परिजनों का प्रायवेट अस्पताल में इलाज कराना संभव हो पाया है। राहुल ने बताया कि प्रधानमंत्री की जनोन्मुखी पहल से उनके परिवार का जीवन स्तर तेजी से सुधरा है। डॉ. यादव से सिंगरौली की ग्राम पंचायत ओड़गड़ी के रामसूरत साकेत, श्रीमती अनीता सिंह तथा गंगाराम वैश्य ने योजनाओं के लाभ से स्वयं और परिवार के जीवन में आए सकारात्मक बदलावों के संबंध में बात की। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री आवास योजना सहित अन्य योजनाओं के हितग्राहियों को आगे चलकर इनका लाभ लेने के लिए बधाई दी। साथ ही अपील की कि 22 जनवरी को रामलला की मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह में उत्साह और उमंग के साथ वर्चुअली सम्मिलित हों। डॉ. यादव ने सभी हितग्राहियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं भी दीं।

## सुरेन्द्र पटवा को दी जन्मदिन की बधाई



डॉ. मोहन यादव ने भोजपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुरेन्द्र पटवा को जन्मदिन की बधाई दी। डॉ. यादव ने स्वामी दयानंद नगर स्थित श्री पटवा के निवास पहुंचकर उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री को श्री पटवा ने राम मंदिर की प्रतिकृति स्मृति चिन्ह के रूप में भेंट की। डॉ. यादव ने इस अवसर पर माताजी श्रीमती फूलकुंवर पटवा से मुलाकात कर उनका आशीर्वाद भी प्राप्त किया।

## राज्यपाल से मुख्यमंत्री की सौजन्य भेंट



राज्यपाल मंगुभाई पटेल से सौजन्य भेंट हेतु मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज राजभवन पहुँचे। राज्यपाल श्री पटेल का मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पुष्प-गुच्छ भेंट कर अभिनंदन किया। उनके साथ सौजन्य चर्चा की।

## एमपीपीएससी 2019 व 2020 के चयनित अभ्यर्थियों को 25 जनवरी को देंगे नियुक्ति पत्र

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 25 जनवरी को मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग राज्य सेवा परीक्षा 2019 एवं 2020 के चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान करेंगे। नियुक्ति पत्र प्रदाय के लिये सभी संबंधित विभाग सभी चयनित अभ्यर्थियों से उनके दस्तावेजों के सत्यापन, मेडिकल जाँच एवं अन्य सभी आवश्यक प्रक्रियाएँ पूर्ण करा रहे हैं। जिन अभ्यर्थियों को इस आशय की सूचना नहीं मिली है, वे तुरंत ही संबंधित विभाग से संपर्क करें।

## सेंट्रल जियोलॉजिकल प्रोग्रामिंग बोर्ड की मप्र में पहली बैठक 22 व 23 को

भोपाल (काप्र)।

**केन्द्रीय खान मंत्रालय द्वारा भोपाल में 22 व 23 जनवरी को 63वीं सेंट्रल जियोलाजिकल प्रोग्रामिंग बोर्ड की बैठक होगी। सेंट्रल जियोलॉजिकल प्रोग्रामिंग बोर्ड की यह बैठक पहली बार मप्र में हो रही है। कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर में आयोजित बैठक में जीएसआई के 100 से अधिक एक्सपर्ट शामिल होंगे।**

मिनिस्टर कॉन्क्लेव में 23 जनवरी को सभी राज्यों के खनन मंत्री और प्रमुख सचिव (खनन) हिस्सा लेंगे। मप्र कैडर के आईएस अधिकारी और केंद्रीय खनन सचिव श्री वीएल कांताराव इसका हिस्सा होंगे। बैठक में माइनिंग रिफार्म से जुड़े विषयों पर चर्चा होगी। म.प्र. कोयले, हीरे सहित कई खनिजों से समृद्ध प्रदेश है। बैठक में क्रिटिकल मिनरल्स जैसे फॉस्पोराइट, वैनेडियम, लीथियम, ग्रेफाइट खनन पर चर्चा होगी। बैठक में मुख्य रूप से क्रिटिकल खनिजों की माइनिंग पर चर्चा होगी। खनिज आधारित अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने और आत्म निर्भर भारत के निर्माण में कीमती खनिजों की भूमिका पर भी विशेषज्ञ विचार विमर्श करेंगे।

## बरकतउल्ला विश्वविद्यालय में युवा उत्सव का समापन

भोपाल (काप्र)।

पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री श्रीमती कृष्णा गौर ने कहा कि देश का भविष्य युवाओं के कंधों पर है। श्रीमती गौर शुक्रवार को बरकतउल्लाह विश्वविद्यालय में अंतर जिला विश्वविद्यालय स्तर युवा उत्सव 2023 -24 के तीन दिवसीय कार्यक्रम के समापन सत्र को संबोधित कर रही थीं। श्रीमती गौर ने युवाओं से कहा कि इतिहास गवाह है कि राष्ट्र हमेशा से वैसे ही बने हैं जब उन्हें आपकी उम्र के नौजवानों ने बनाया है। भगवान श्री राम भगवान, श्री कृष्ण, स्वामी विवेकानंद का उदाहरण हम सबके सामने हैं और इसलिए हमारे आज के युवा कल के जिम्मेदार नागरिक है हमारे परिवार समाज देश का भविष्य है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सुरेश कुमार जैन ने सभी प्रतिभागियों को राष्ट्र के राष्ट्र के निर्माण में अपनी भूमिका का निर्वाह करने हेतु प्रेरित किया। कुल सचिव डॉ. आई.के. मंसूरी ने युवा उत्सव के समापन एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आभार में व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन संस्कृत समन्वयक प्रो. अनसुजा तिवारी ने किया।



पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री श्रीमती कृष्णा गौर आज भोपाल के कोलुआ (वार्ड-74) में विकसित भारत संकल्प यात्रा को संबोधित किया। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना, संबल योजना, आयुष्मान योजना आदि के हितलाभ हितग्राहियों को वितरित किये। इस अवसर पर पार्षद श्रीमती शकुन सिंह लोधी, विकास पटेल, राजू राठौर, गणमान्य नागरिक और अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।

## शहरी पथ-विक्रेता नई दिल्ली में गणंतत्र दिवस परेड में होंगे शामिल

भोपाल (काप्र)।

प्रदेश में पीएम स्वनिधि योजना में लाभान्वित 10 शहरी पथ-विक्रेता और उनके परिजन कर्त्तव्य पथ नई दिल्ली में 26 जनवरी गणतंत्र दिवस की परेड में अतिथि के तौर पर शामिल होंगे। इन पथ-विक्रेताओं को केन्द्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय ने आमंत्रित किया है। जिन पथ-विक्रेताओं को आमंत्रित किया गया है, उनमें भोपाल, सीहोर, खण्डवा, रतलाम एवं रीवा के हितग्राही शामिल हैं।

नोडल अधिकारी के तौर पर नगरीय प्रशासन एवं विकास संचालनालय के अधिकारी आसिम खान और दुर्गेश तिवारी समन्वय का कार्य देखेंगे। शहरी पथ-विक्रेताओं का दल 24 जनवरी को नई दिल्ली पहुँचेगा, 25 जनवरी को नेशनल वार मेमोरियल और प्रधानमंत्री संग्रहालय का भ्रमण करेगा। देशभर से पहुँचे प्रतिनिधि मण्डल से केन्द्रीय शहरी कार्य मंत्री श्री हरदीप सिंह पुरी चर्चा करेंगे।

## मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के एनसीसी कैडेटस ने 3 स्वर्ण सहित 6 पदक जीते

**भोपाल (काप्र)।** मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ एनसीसी निदेशालय के कैडेटस् ने गणतंत्र दिवस 2024 के लिये हुई घुड़सवारी प्रतिस्पर्धा में महत्वपूर्ण उपलब्धियाँ हासिल की हैं। घुड़सवारी प्रतिस्पर्धा में 9 कैडेटस् शामिल हुए और पहली बार 3 स्वर्ण पदक सहित कुल 6 पदक प्राप्त किये। कैप्टन राहुल गुप्ता ने बताया कि पदक तालिका में एमपी-सीजी निदेशालय को तृतीय स्थान मिला है। निदेशालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने विजेता कैडेटस् को बधाई और शुभकामनाएँ दी।

नई दिल्ली में गणतंत्र दिवस 2024 के लिये 4 से 16 जनवरी तक घुड़सवारी में विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं का आयोजन हुआ। इसमें एसजीटी सुहाना गंभीर और कैडेट राहुल बघेल ने स्वर्ण पदक हासिल किया। कैडेट अभिषेक को रजत, कैडेट त्रिभुवन और कैडेट अंकित खराते को कांस्य पदक मिला। कैप्टन गुप्ता ने बताया कि गर्ल्स केटेगरी में एसजीटी सुहाना गंभीर को सर्वश्रेष्ठ राइडर ट्रॉफी मिली। सर्वश्रेष्ठ टेंट पेगर ट्रॉफी कैडेट राहुल बघेल ने जीती।




एमपी-सीजी के एनसीसी कैडेटस्द्वारा हासिल उपलब्धियाँ कैडेटस्और उनके इन्स्ट्रक्टर स्टाफ के सतत् प्रयास, लगन और कठिन परिश्रम का परिणाम है।

## इंदौर को मिला सर्वश्रेष्ठ स्मार्ट सिटी पुरस्कार

**भोपाल (काप्र)।** इंदौर स्मार्ट सिटी को स्मार्ट सिटीज़ इंडिया अवार्ड्स में सर्वश्रेष्ठ स्मार्ट सिटी का पुरस्कार प्राप्त हुआ। दिल्ली के प्रगति मैदान में 17 से 19 जनवरी, 2024 तक आयोजित स्मार्ट सिटीज़ इंडिया एक्सपो के पुरस्कार समारोह में यह सम्मान प्रदान किया गया। पुरस्कार इंदौर स्मार्ट सिटी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री दिव्यांक सिंह और टीम ने ग्रहण किया। इंदौर स्मार्ट सिटी को स्वच्छता, नवाचार, अधोसंरचना विकास और परिवहन क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए यह पुरस्कार दिया गया है।

### आधे दिवस का अवकाश घोषित

**भोपाल।** राज्य शासन द्वारा अयोध्या में राम लला प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के अवसर पर प्रदेश के सभी शासकीय कार्यालयों में 22 जनवरी 2024 (सोमवार) को आधे दिवस का (अपरान्ह 2:30 बजे तक) अवकाश घोषित किया गया है।

## मुख्यमंत्री ने प्रधान आरक्षक के निधन पर किया दुःख व्यक्त

### परिजनों को एक करोड़ की दी जाएगी सहायता राशि

भोपाल (काप्र)।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सिवनी जिले के पुलिस के जांबाज प्रधान आरक्षक श्री राकेश ठाकुर के दुःखद निधन पर दुःख व्यक्त किया है। उन्होंने प्रधान आरक्षक ठाकुर के बलिदान को नमन और परिजनों के प्रति शोक संवेदनाएं व्यक्त की है। डॉ. यादव ने कहा कि पुलिसकर्मी को शहीद का दर्जा दिया जाएगा और राज्य सरकार द्वारा उनके परिवार को श्रद्धा निधि के रूप में 1 करोड़ रूपए की राशि प्रदान की जाएगी। साथ ही स्व. श्री ठाकुर के परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी भी दी जाएगी। मध्यप्रदेश सरकार शहीद के परिजनों के साथ खड़ी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि घटना के 3 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। फरार एक अन्य आरोपी को भी जल्द गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे पहुंचाया जाएगा। डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश की जमीन पर अपराध और अपराधियों के लिए कोई जगह नहीं है। किसी भी अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा।

**पुलिसकर्मी पर हमला करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार**

## मंदिर में सेवा कर बहुत अच्छा लग रहा है : कंषाना

**भोपाल (काप्र)।** किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री श्री एदल सिंह कंषाना ने भोपाल के कोलार स्थित खाटू श्याम मंदिर में सफाई की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के धार्मिक स्थलों में साफ-सफाई के राष्ट्रव्यापी आहवान पर मंदिर में सेवा कर बहुत अच्छा लग रहा है।

मंत्री श्री कंषाना मंदिर में कीर्तन में भी शामिल हुए। उन्होंने सभी लोगों से 22 जनवरी को अयोध्या में श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के पूर्व चल रहे सफाई अभियान में शामिल होने की अपील की। मंत्री श्री कंषाना ने मंदिरों में स्वच्छता के इस पुनीत कार्य का विरोध करने वालों को सद्बुद्धि देने की प्रार्थना की। मंदिर में खाटू श्याम ट्रस्ट के सचिव श्री आर.सी. अग्रवाल, कोषाध्यक्ष श्री तुलसीराम अग्रवाल, श्री संतोष मिश्रा और अन्य भक्तजनों ने भी सफाई की।

---

**न्यायालय तहसीलदार तहसील कोलार जिला भोपाल**
**प्रकरण क्रमांक 3728/अ-6/2023-24**

**उद्घोषणा पत्र**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक रूपा अहिरवार आ. प्रेम नारायण अहिरवार निवासी भोपाल म.प्र.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 109, 110 के अंतर्गत आवेदन पत्र प्रस्तुत कर ग्राम बगली प.ह.नं. 01 स्थित भूमि खसरा नंबर 80/2 का भाग भूखण्ड 54, क्षेत्रफल 68.44 वर्गमीटर का फौती नामांतरण/नामांतरण विक्रय पत्र के आधार पर राजस्व अभिलेखों में आवेदक के नाम पर किए जाने का अनुरोध किया है। उक्त संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह 2.2.2024 को या इससे पूर्व इस न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकता है। समयावधि पश्चात प्रस्तुत किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। उक्त उद्घोषणा पत्र मेरे द्वारा न्यायालय की पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 5.1.2024 को जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**तहसील कोलार जिला भोपाल**

4149

---

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक वृत्त 2 रतनपुर सड़क, तहसील कोलार जिला भोपाल**
**क्रमांक 01/रा.नि./2024**
**भोपाल दिनांक 18.01.2024**

**सूचना पत्र**

प्रति,
1. श्रीमती कुलविन्दर चड्डा आ. जितेन्द्र चड्डा नि. एस-10 पंजाबीबाग भोपाल, 2. आर.एनसटी.जी.टी. स्केटेज प्रा.लि. द्वारा डायरेक्टर श्री निखिल तिवारी नि. 6 डिलाईट केम्पस ई-8 एक्सटेंशन बावड़िया कला भोपाल।, 3. श्री जितेन्द्र सिंह चड्डा आ. बलवंत सिंह चड्डा नि. एच. 10 पंजाबी बाग भोपाल, 4. डी.आर. राठी आ. श्री जी.एल. राठी, अनुपम राठी आ. डी.आर. राठी नि. ई-7/152 लाला लाजपतराय सोसायटी अरेरा कालोनी भोपाल। आप सभी व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि कार्यालय अ.वि.अ. महो. तहसील कोलार जिला भोपाल के रा.प्र.क्र./अ-6-अ/2023-24 के आदेश पालन में आवेदक श्री डी.आर.राठी पिता श्री जी.एल. राठी एवं श्रीमती अनुपमा राठी पत्नी डी.आर. राठी नि. ई-7/152 लाला लाजपतराय सोसायटी अरेरा कालोनी भोपाल द्वारा ग्राम बावड़िया, प.ह.नं. 08 रा.नि. सर्किल 02 रतनपुर सड़क तहसील कोलार जिला भोपाल स्थित भूमि पुराना खसरा नं. 33/5/3/1 रकबा 3.00 एकड़ में से 2.50 एकड़ विक्रय उपरांत शेष बची 0.50 एकड़ के राजस्व अभिलेख/कम्प्यूटर रिकार्ड में आवेदकगणों का नाम दर्ज किए जाने हेतु म.प्र. भू.राजस्व संहिता 1959 की धारा 115 के अंतर्गत आवेदन प्रस्तुत किया है। प्रस्तुत किया गया है। जिसका कार्यालय अ.वि.अ.महो. तह. कोलार जिला भोपाल के आदेश पालन में आवेदित भूमि का स्थल पर सर्वे कर जांच प्रतिवेदन,पंचनामा, तुलमात्मक पत्रक, संशोधित नक्शा, सूचना पत्र के साथ न्यायालय में पेश किया जाना है। अतः आवेदिक भूमि का स्थल जांच की कार्यवाही दिनांक 23.01.2024 को आवेदित स्थल पर की जावेगी। जिसके संबंध में सूचना पत्र जारी किया गया।

**राजस्व निरीक्षक**
**वृत्त 2 रतनपुर सड़क तहसील कोलार जिला भोपाल म.प्र.**

4150

---

**कार्यालय तहसीलदार नजूल वृत्त गोविन्दपुरा भोपाल**
**(पुराना आर.टी.ओ. कार्यालय भोपाल)**
**प्रकरण क्रमांक/अ-3/23-24**

**आम सूचना**

आवेदक पूर्णोदय ट्रेनिंग सेन्टर समिति प्रस्तावित द्वारा जोशी जार्ज पिता जार्ज निवासी 28.3.105 कलटेक्स सीएमआई प्रोविनिश्यल हाउस नियर सेंट मेरी स्कूल बेरामपल्ली आदिलाबाद तेलंगाना हाल निवासी पूर्णोदय ट्रेनिंग सेन्टर समिति भोपाल द्वारा आवेदन पत्र के साथ अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर ग्राम हताईखेड़ा स्थित खसरा क्रमांक 125 रकबा 0.8090 हे. खसरा क्रमांक 127 रकबा 3.9740 हे. खसरा क्रमांक 130/7 रकबा 6.0700 हे. खसरा क्रमांक 166/144 रकबा 0.9910 हे. खसरा क्रमांक 204/125/1 रकबा 1.2100 हे. भूमि का नक्शा बटांकन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। अतएव एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यदि इस संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति 15 दिवस में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से मेरे समक्ष प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधि बीत जाने के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा। मेरी पद मुद्रा से आज दिनांक को जारी।

**तहसीलदार**
**नजूल वृत्त गोविन्दपुरा भोपाल**

4151

---

**रजिस्ट्री गुम हो जाने के संबंध में सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्रीमती मीरा बाई पत्नी स्वर्गीय श्री होरीलाल रैकवार निवासी मकान क्रमांक 129 शंकर नगर कालोनी सेमरा चांदबड़ हुजूर भोपाल मध्यप्रदेश के निर्देशानुसार उनके नाम दो मंजिला आर.सी.सी. कार्नर का आवासीय मकान प्लाट है जिसका क्रमांक नं. 129 पर निर्मित मकान जो खसरा क्र. 140 का अंश भाग है जिसका प्लाट का क्षेत्रफल 600 वर्गफिट आधारित 55, 76 वर्गमीटर है उक्त भूखण्ड की चतुर्थ सीमाएं निम्नानुसार हैं। पूर्व में 15 फिट चौड़ा रास्ता, पश्चिम में प्लाट क्रमांक 130 से 20 फिट चौड़ा रास्ता, उत्तर में 20 फिट चौड़ा रास्ता, दक्षिण में प्लाट क्रमांक 128 है जो कि मेरे पक्षकार ने श्री सुरेश पाल सिंह आत्मज स्व. श्री परसादी सिंह से रजिस्ट्री विक्रय पत्र के माध्यम से दिनांक 4.9.2019 को क्रय की थी जिसका ई-पंजीयन क्रमांक पंजीयन रजिस्ट्रर एम.पी. 059712019E1624932 पंजीयन रजिस्ट्री भोपाल में पंजीबद्ध है इसके पूर्व की रजिस्ट्री श्री सुरेश पाल द्वारा श्री दौलतराम से क्रय की थी जिसे दौलतराम जी ने श्री राजु कुशवाहा आत्मज स्व. श्री शंकरलाल कुशवाहा निवासी भोपाल स्वयं और जी.पी.ए. होल्डर व श्रीमती कुमन बाई पत्नि स्व. शंकरलाल कुशवाहा निवासी भोपाल द्वारा क्रय की थी जिसका पंजीयन आफिस ऑफ सब रजिस्ट्रार कार्यालय भोपाल म.प्र. मे पंजीबद्ध है। जिसका ग्रंथ नं. 16979 बुक नं. ए-1 दस्तावेज क्रमांक 482 (ख) व दिनांक 2.7.2001 को पंजीबद्ध है। जो कि कहीं गुम हो गई है जिस संबंध में दिनांक 17.1.2024 को थाना प्रभारी थाना बजरिया जिला भोपाल से सूचना संबंधी अभिस्वीकृति प्राप्त कर ली गई है। अथवा यह रजिस्ट्री कहीं भी दान, अथवा बंधक नहीं है, उक्त रजिस्ट्री संबंधित दस्तावेज जिस भी किसी व्यक्ति को मिले तो या किसी संस्था, शासकीय, अर्द्धशासकीय संस्था बैंक या किसी भी कार्यालय का कोई हित हो या आपत्ति हो तो 7 दिवस के अंदर मेरे कार्यालय में या मोबाईल नंबर पर संपर्क करें। अन्यथा 7 दिवस के पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति अमान्य रहेगी।

**अनामिका नाथ, (एडवोकेट)**
**कार्या./निवास- एच.नं. 29 सताक्षी गार्डन खजूरी कलां रोड पिपलानी भोपाल म.प्र.**
**मो. 9039026897**

4152

---

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक वृत्त 01, रापड़िया, तहसील कोलार जिला भोपाल**
**क्रमांक 01/रा.नि./2023**
**भोपाल दिनांक 19.01.2024**

**सूचना पत्र**

प्रति,
1. श्रीमती फायजा ख्वाजा पत्नी अरशद ख्वाजा नि. फ्लेट नं. ए-701, 702 चेतन्य अपार्टमेंट क्लार्क टाउन बेझोन्बाग नागपुर महाराष्ट्र, 2. महाकौशल मेगा वेंचर्स द्वारा भागीदार नबाब रजा पुत्र स्व. सैयद अली रजा व अन्य नि. भोपाल, 3. श्री ठाकुर प्रसाद पुत्र मूलचंद नि. भोपाल, 4. श्री हरीओम मंडलोई पुत्र सीताराम मंडलोई नि. कटारा हिल्स भोपाल, 5. श्री दानी पिता टी.पी. सिंह नि. भोपाल।
आप सभी व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि न्यायालय तहसीलदार तहसील कोलार जिला भोपाल के राजस्व प्रकरण क्रमांक 0340/अ-12/2023-24 में आवेदिका श्रीमती फायजा ख्वाजा पत्नी अरशद ख्वाजा नि. फ्लेट नं. ए-701, 702 चेतन्य अपार्टमेंट क्लार्क टाउन बेझोन्बाग नागपुर द्वारा ग्राम कटारा प.ह.नं. 01 रा.नि.मं. 01 रापड़िया तहसील कोलार जिला भोपाल में स्थित भूमि खसरा क्रमांक 47/2 रकबा 0.1950 हे. भूमि का सीमांकन किए जाने का आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है जिसका न्यायालय के आदेश पालन में आवेदित भूमि का स्थल पर सीमांकन कर जांच प्रतिवेदन, पंचनामा, फील्डबुक, नक्शा, सूचना पत्र, के साथ न्यायालय में प्रस्तुत किया जाना है। अतः आवेदित भूमि का सीमांकन की कार्यवाही दिनांक 23.1.24 को आवेदित स्थल पर की जावेगी। जिसका संबंध में सूचना पत्र जारी किया गया। किसी भी प्रकार का अति आवश्यक शासकीय कार्य आने पर सीमांकन की कार्यवाही स्थगित की जा सकती है।

**राजस्व निरीक्षक**
**वृत्त 2 रापड़िया तहसील कोलार जिला भोपाल म.प्र.**

4153

---

**(प्रारूप-चार) (नियम 4 (4) देखिये)**
**मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता (कृषि खाते का विभाजन) नियम, 2020**
**न्यायालय तहसीलदार नजूल एम.पी. नगर वृत्त, भोपाल समक्ष सात नं. बस स्टाप में स्थान शिवाजी नगर**

**उद्घोषणा**

**प्रकरण क्रमांक........**

जबकि श्रीमती ज्योत्सना सनोडिया पत्नि श्री नवल सनोडिया, उर्मिला सनोडिया पत्नी राजेन्द्र कुमार सनोडिया निवासी ग्राम/नगर खजूरी कलां पटवारी हल्का क्रं./सेक्टर क्रं. 100 तहसील हुजूर जिला भोपाल ने इस न्यायालय के सक्षम नीचे विनिर्दिष्ट खाते में के अपने हिस्से के विभाजन के लिए सह-खातेदार के रूप में आवेदन किया है **या** नीचे विनिर्दिष्ट अपने खाते या उसके अंश के, अपने जीवनकाल में अपने विधिक वारिसों में, विभाजन के लिए भूमिस्वामी के रूप में आवेदन किया है। (जो लागू न हो उसे काट दें) और उक्त खाते का विभाजन किया जाना प्रस्तावित है, एवं सुनवाई की तारीख 30.1.2024 स्थान कमरा नं. 5 सात नं. बस स्टाप तहसील कार्यालय एम.पी. नगर, पर बजे.. नियम की गई है। उक्त खाते में हित रखने वाले सभी व्यक्तियों को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वे या तो स्वतः या विधिक व्यवसायी या मान्यता प्राप्त अभिकर्ता के माध्यम से नियत तारीख को उपस्थित हो और अपनी आपत्तियां, यदि कोई हो, तो प्रस्तुत करें। आपके उपस्थित नहीं होने पर एवं आपत्तियां प्रस्तुत नहीं कर पाने की स्थिति में, किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा। **खाते के विवरण** पटवारी हल्का क्रं./सेक्टर क्रं....ग्राम/नगर का नाम...खाता क्र.-, सर्वेक्षण संख्याक-147/4, 148/ख, क्षेत्रफल (हेक्टर में) 0.4050 हे. में से 688.21 वर्गमीटर का बटवारा, भू-राजस्व (रुपये में) 8100.00।

सील

**तहसीलदार**
**नजूल शहर वृत्त, एम.पी. नगर, भोपाल**

4154

---

**नाम परिवर्तन सूचना**

मेरा पूर्व में नाम हितेंद्र कुमार पुत्र लक्ष्मी प्रसाद था। जो मेरी 10वीं की अंकसूची में दर्ज है। अब मेरा नाम बदलकर हितेंद्र कुमार गदावा पुत्र एल.पी. सोनकर निवासी-सीनियर एमआईजी- 22, ओल्ड सुभाष नगर, गोविंदपुरा भोपाल (मध्य प्रदेश) 462023 हो गया है अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। 4155

---

**NAME CHANGE**

My old name was Arun Kumar Kaliya Murthy S/O Kaliya Arumugam Murthy Pillai. Written on my Previous Passport. I have changed my name. My new name is now known as Arun Kumar S/O Kaliya Arumugam Murthy Pillai Residence Staff Quarter FB, VIT Bhopal University, Kothrikalan Sehore Dist. Bedakhedi P.O Kotri Dist Sehore (M.P.) 4156

---

**नाम परिवर्तन सूचना**

मेरा पूर्व में नाम GAURV JAIN पुत्र अजय राज जैन था जो कि मेरी 10वीं की अंकसूची में दर्ज है अब मेरा नाम बदलकर पूरा एवं सही नाम GAURAV JAIN पुत्र अजय राज जैन निवासी गुरुनानक स्टोर के सामने जुमेराती बाजार भोपाल (मध्य प्रदेश) 462001 हो गया है। अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। 4157

---

**नाम परिवर्तन सूचना**

पूर्व में मेरा नाम AREFA GORI था जो कि मेरे पूर्व पासपोर्ट पर दर्ज है, अब मेरा सही नाम AREIFA GORI पत्नी मो. अफसर गौरी निवासी-रायकनपुरा वार्ड 10, शुजालपुर सिटी जिला शाजापुर (मध्य प्रदेश) 465333 हो गया है अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचान जाए। 4158